**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**
**भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रवर्तित**

# सामुदायिक विकास योजना

**(प्रारंभ वर्ष– फरवरी 2010)**

ग्रामीणजनों एवं शहरी गरीबों को स्वरोजगार
स्थापना हेतु प्रेरित करने की योजना



## परिचय–पत्र


## शास. कन्या पॉलीटेक्निक

**बैरन बाजार, रायपुर छ.ग.,**

**पिन 492001**

**दूरभाष (कार्या) 0771-2423045**

## योजना की गतिविधियों के छायाचित्र




मुख्य केंद्र रायपुर में आर / एसी का प्रशिक्षण लेते छात्र



विस्तार केंद्र नवापारा राजिम में कम्प्यूटर का प्रशिक्षण लेते छात्र– छात्राएं

## योजना की सहायक संस्थाएं

1. लीड बैंक, नाबार्ड बैंक।
2. ग्राम पंचायत, जनपद एवं जिला पंचायत।
3. कृषि अभियांत्रिकी विभाग, गैर सरकारी संस्थाएं।
4. केन्द्र एवं उद्यानिकी विकास केंद्र।
5. महिला एवं बाल विकास विभाग।
6. पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर।
7. अल्ट्राटेक सीमेंट रवन एवं हिरमी के ग्रामीण विकास केंद्र।
8. पशु चिकित्सा विभाग।
9. छ.ग. एड्स कंट्रोल सोसायटी।
10. जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र।

# योजना की गतिविधियों के छायाचित्र



विस्तार केन्द्र: सबन में एम्ब्रायडरी का प्रशिक्षण लेती छात्राएं।



ग्राम बैहार (जासं) में निःशुल्क घरेलू उपकरणों की रिपेयरिंग का तकनीकी सहायता शिविर



ग्राम बैहार (जासं) में आयोजित एड्स जागरूकता शिविर



विस्तार केन्द्र- अधिकारा में पौधों का रोपण कार्य करते छात्र

# संस्था का परिचय

शास0 कन्या पॉलीटेक्निक संस्था राज्य की राजधानी रायपुर शहर के बैरन बाजार में स्थित है। जो कि रेल्वे स्टेशन से चार कि0मी0 व बस स्टॅन्ड से 03 कि0मी0 की दूरी पर स्थित है। संस्था में निम्न डिप्लोमा स्तरीय पाठ्यक्रम संचालित हैं–

1. आर्किटेक्चर 2. कम्प्यूटर साईस 3. इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन.
4. इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी 5. इंटीरियर डेकोरेशन 6. फार्मेसी. 7. सी.डी.डी.एम.
8. माडर्न आफिस मेनेजमेंट.

इस संस्था में मानव संसाधन विकास मंत्रालय. भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित "सामुदायिक विकास योजना" फरवरी 2010 से संचालित है.

## सामुदायिक विकास योजना की प्रमुख गतिविधियाँ एवं उद्देश्य

1. <u>आवश्यकता मूलक सर्वे</u> : ग्रामीणों की प्रशिक्षण एवं प्रौद्योगिकी संबंधी आवश्यकताओं को जानने के लिये ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के सर्वे किये जाते हैं एवं उनके अनुरूप योजना बनाकर उसे क्रियान्वयन किया जाता है।

2. <u>कौशल विकास प्रशिक्षण</u> : योजना द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित विस्तार केंद्रो एवं संस्था स्थित प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से ग्रामीणजनों अथवा शहरी गरीबों (बी.पी.एल. कार्ड धारक), विधवा. परित्यक्ता. तलाक शुदा महिलाओं आदि को निःशुल्क अल्पकालिक व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे– कम्प्यूटर आपरेटर. कम्प्यूटर हार्डवयेर.. कम्प्यूटर बेस्ड एकाउंटिंग. डी.टी.पी. एवं स्क्रीन प्रिंटिंग. मोबाईल रिपेयरिंग. फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी. हाउस वायरिंग. मोटर वाईंडिंग. वेल्डिंग एण्ड फेब्रीकेशन. एम्ब्रायडरी. कटिंग–टेलरिंग. ब्यूटीशियन एण्ड हेयर ड्रेसिंग आदि प्रदान किये जाते हैं.

3. <u>उचित तकनीको का प्रचार–प्रसार एवं उपयोग</u> : ग्रामीण क्षेत्र में उन्नत कृषि उपकरणों सौर उर्जा से संबंधित उपकरणों. एवं अन्य उचित तकनीकी उपकरणों की प्रदर्शनी लगाकर प्रचार प्रसार सह–विक्रय की व्यवस्था की जाती है।

4. <u>तकनीकी सहायता सेवायें</u>: ग्रामीण क्षेत्रों में योजना के विस्तार केंद्र अथवा संस्था स्थित मुख्य केंद्र में शिविर लगाकर अथवा प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी सहायता सेवायें प्रदान की जाती है।

5. <u>जन जागरूकता कार्यक्रम</u>: इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता शिविर प्रदर्शनी व विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं। जैसे– कृषि, उर्जा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंध, सिंचाई, स्व–रोजगार एवं उद्यमिता, एड्स, महिला जागरूकता, नये शास. योजनाओं, प्रौढ़ शिक्षा, कुशलता विकास एवं प्रशिक्षण, आदि।

## प्रशिक्षण प्रवेश प्रक्रिया

1. आवेदन पत्र संस्था में स्थित सामुदायिक विकास योजना कार्यालय अथवा ग्रामीण विस्तार केंद्र से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु ग्रामीण क्षेत्र के मूल निवासी अथवा शहरी क्षेत्र के गरीब (बी.पी.एल. कार्ड धारक) व विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा महिलाए आदि आवेदन कर सकती है।
3. आवेदन पत्र भरते समय आवेदक की आयु 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।
4. आवेदन पत्र के साथ संलग्न दस्तावेजों में– अंकसूची, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र एवं एक लिफाफा (5 रूपये मूल्य का डाक टिकट चस्पा किया हुआ) संलग्न करना होगा।
6. चयनित आवेदकों को बुलावा पत्र / दूरभाष से सूचना प्रदान की जाती है।

योजना के सफल क्रियान्वयन एवं नियंत्रण हेतु राज्य के तकनीकी शिक्षा संचालनालय छ0ग0 शासन द्वारा एवं NITTTR, Bhopal (M.P.) द्वारा समय–समय पर उचित मार्गदर्शन प्रदान किये जाते हैं। NITTTR द्वारा योजना के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षकों के लिये जानकारी /प्रशिक्षण संबंधी वर्कशाप का आयोजन किया जाता है एव उन्हें प्रशिक्षित किया जाता है। साथ ही वार्षिक बैठक का आयोजन, जिसके माध्यम से पिछले वित्तीय वर्ष के योजना कार्यक्रम की समीक्षा एवं आगामी वित्तीय वर्ष हेतु प्रस्तावित कार्ययोजना कार्यक्रम पर

चर्चा की जाती है।

संस्था द्वारा योजना हेतु कार्यकारिणी समिति सलाहकार समिति का गठन किया गया है. जिसमें संस्था के विभागाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं NGO आदि के प्रतिनिधि सदस्यों के रूप में मनोनित हैं। जिनके द्वारा योजना के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु उचित सलाह प्राप्त होती है।

## योजना का मुख्य केन्द्रः

योजना का मुख्य केंद्र– शास0 कन्या पॉलीटेक्निक भवन में स्थित है। योजना की प्रशासनिक एवं अन्य गतिविधियॉ इस केंद्र द्वारा संचालित होती है। इस केंद्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाये जाते है।

## योजना के विस्तार केंद्र

योजना के कार्यक्रमों व गतिविधियों के विस्तारित हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में निम्न विस्तार केंद्र स्थापित किये गये है:–

| स्थान | मुख्य केंद्र रायपुर से दूरी |
|---|---|
| 1. रावन ( ग्रामीण विकास केंद्र, अल्टाटेक सीमेंट लिमिटेड) | 75 कि0मी0 |
| 2. हिरमी ( ग्रामीण विकास केंद्र, अल्टाटेक सीमेंट लिमिटेड) | 68 कि0मी0 |
| 3. नवापारा राजिम (सेठ फूलचंद अग्रवाल महाविद्यालय) | 45 कि0मी0 |
| 4. आरंग (जनपद पंचायत परिसर) | 36 कि0मी0 |
| 5. अहिवारा, दुर्ग (आई.बी.टी. कालेज आफ डिप्लोमा इंजी.) | 35 कि0मी0 |

आओ ग्रामवासी, योजना का लाभ उठाओ।
तकनीकी ज्ञान, नि:शुल्क प्राप्त कर, स्वरोजगार को अपनाओ।।